दिनांक 15.01.2026 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# नगर पालिक निगम भिलाई के प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत बीएलसी घटक में व्यापक प्रचार प्रसार अभियान

भिलाई नगर। बीएलसी घटक का व्यापक स्तर पर जगह जगह होर्डिंग वॉलपेंटिंग और वार्डो में डोर टू डोर सर्वे कराया जा रहा है तथा इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए कचरा संग्रहण वाहनों द्वारा हर वार्डो में मुनादी, जनप्रतिनिधियो के व्यक्तिगत प्रवचन तथा प्रमुख चौराहों पर होर्डिंग, फ्लैक्स और बैनर पोस्टर लगाए गए हैं। तथा राष्ट्रीय स्तर पर ष्अंगीकार अभियान 2025 " चलाया गया, जो 4 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक विभिन्न स्थलों में शिविर, आवास ऋण मेला एवं संस्कृति कार्यक्रम तथा वार्डो में घर घर जाकर सर्वे कराया गया और अभी भी किया जा रहा है ।